हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 14 जून 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. 08 : TOP RIGHT

19 कैंप में चुने गए अनंत और शुभम

बरेली। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के होनहार खिलाड़ी अनंत भटनागर और शुभम मिश्रा का यूपी अंडर-19 क्रिकेट कैंप में चयन हुआ है। दोनों का चयन लखनऊ में हुए जोनल टुर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। अनंत और शुभम दोनों ही बाएं हाथ के फिरकी गेंदबाज हैं। अनंत अंडर-14 यूपी टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। दोनों खिलाड़ी कोच मनीष सिंह के निर्देशन में प्रैक्टिस करते हैं। चयन पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों को बधाई दी।